Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to connect camals of Bundelkhand region with Betwa-Ken river.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): सभापति महोदया, आज अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस है और मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का पूरे बुंदेल वासियों की तरफ से आभार प्रकट करना चाहता हूं । केन - बेतवा नदी को जोड़ने का प्रोजेक्ट देश का एक बड़ा प्रोजेक्ट है, लेकिन मैं इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रोजेक्ट कहूंगा । इन दोनों नदियों को जोड़ने का प्रोजेक्ट बहुत ही लंबे समय से प्रतीक्षित था । इसमें उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में साइन करवाकर इसे अप्रूव किया गया है । हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि यह बुंदेलखंड में बन रहा है । मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से यह निवेदन है कि उस डैम और कनाल, से जो केन नदी को बेतवा नदी से जोड़ रही है, उसे हमारे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर और महोबा, दोनों जनपदों के बांध और तालाब को नहरों से जोड़ कर उन्हें पानी उपलब्ध करवाया जाए ।

हर घर जल की योजना एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है । आदरणीय मोदी जी और उत्तर प्रदेश में योगी जी वर्ष 2022 तक पूरे बुंदेलखंड के एक-एक घर में पानी पहुंचाने में लगे हुए हैं । उन्हीं तालाबों से पाइपलाइन पहुंचाई जा रही है । अगर केन-बेतवा से उसका डिजाइन होगा, क्योंकि पानी की कमी को देखते हुए बहुत लंबे समय के बाद यह स्थिति आएगी कि उन जलाशयों में पानी कम होगा, तब यह केन-बेतवा प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा और हमारे क्षेत्र बुंदेलखंड के एक-एक घर में पानी की उपलब्धता होगी ।